इसके बाद पांच कूपो मे गुड बाल के गड्डे रिकार्ड पर दर्शाकर लेवर का पेमेंट निकाल लिया और फिर फ्रीड कर लिए गए तारीफ़ की बात ये है की किसी भी हितग्राही को इन भनक तक नही लगी और पैसा निकाल लिया गया आज कुछ हितग्राहीयो ने सरपंच रोजगार सहायक मे पैसो के लेना देना मे लड़ाई हो गई अब ड्रक्ष्टू मशीन से तालाब का कार्य चालू कर दिया गया जब हमने सरपंच से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नही उठाया वही इंजीनियर सुमन से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने भी फोन उठाना उचित नही समझा सीईओ हलधर मिश्रा ने तो क़सम खा लि है है जबलपुर एक्सप्रेस बालो का फोन नही उठाना।

# खाताधारक के खाता को सुरक्षित एवं चलायमान रखने के लिए ईकेवायसी बहुत जरूरी हैः आरबीआई रीजनल हेड रेखा




**समर्थ सहारा, राजेश रघुवंशी, नटेरन।** आज नटेरन जनपद सभागृह में भारतीय स्टेट बैंक जन सुरक्षा कैंप लगाया गया जिसमे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली तथा भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल, नेटवर्क-1 के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति क्षेत्रीय महा प्रबंधक विनय कुमार एसडीएम अजयप्रताप सिंह पटेल , लीड बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में नटेरन ब्रांच के प्रबंधक मयंक द्विवेदी द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। शिविर के दौरान रीजनल हेड सुश्री रेखा चंदनावली ने भारतीय रिजर्व बैंक का नियम है कि 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है अपडेट के लिए ईकेवायसी बहुत जरूरी और आवश्यक है अगर हम केवायसी नही करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षित हो जाएगा 10 मिनिट की बहुत सिंपल प्रक्रिया है क्योस्क सेंटर पर पहुंचकर केवायसी होना जरूरी है शासन द्वारा मिलने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं का पैसा बिल्कुल बंद हो जाएगा ई के वाय सी होगा तब ही हमारा खाता सुरक्षित होगा। क्षेत्रीय महाप्रबंधक भोपल कुंदन ज्योति ने बताया कि जन सुरक्षा कैंप के द्वारा आपकी बैंक आपके द्वारा पहुंचकर आपके गांव में ही खाताधारको के खातों की ई के वाय सी का कार्य किया जा रहा है ! यह बहुत आवश्यक है। सभी खाता धारक से आग्रह है कि बैंक द्वारा 20 रुपए का बीमा आवश्यक रूप से करवाएं एवं 436 का जीवन ज्योति बीमा इन दोनो योजनाओं का लाभ अवश्य लें। महाप्रबंधक कुंदन ज्योति प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातों को लगभग 10 वर्ष हो चुके है। आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए ई के वाय सी करवाना आवश्यक है! इस अवसर पर अभिजीत अश्विनी कुमार रामू सिलावट शिवम सिंह प्रतीक गुप्ता क्योस्क संचालक रमाकांत तिवारी सतीश कुशवाह। इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा खातों में री-के.वाय.सी. एवं अप्रचलित खातों के के.वाय.सी. को अपडेट कर उन्हे प्रचिलित करने से संबंधित लाभ एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना है।